पत्रकार वार्ता करते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र सिंह आनन्द।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### भारी बारिश की चेतावनी जारी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड मौसम विभाग ने 6 सितंबर के लिए भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के निदेशक विक्रम सिंह के अनुसार 6 सितंबर के लिए मौसम विभाग ने उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्रों के जिलों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार तीन सितंबर से लेकर 6 सितंबर तक प्रदेश में बारिश के आसार बने हुए हैं और 4 सितंबर और 5 सितंबर को उत्तराखंड के देहरादून ,टिहरी ,पौड़ी ,नैनीताल ,पिथौरागढ़ और चंपावत जिलों में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

### विचाराधीन बंदी की अस्पताल में मौत की जांच को अधिकारी नामित

**संवाददाता** देहरादून। जिला कारागार देहरादून में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी वीरेन्द्र उर्फ मुन्नू पुत्र मदनमोहन निवासी ग्राम बांडासारी पट्टी पालीगाड़ तहसील धनौल्टी जनपद टिहरी गढ़वाल की 26 फरवरी 2020 को सिनर्जी अस्पताल में, निरूद्ध विचारधीन बन्दी अभिषेक सिंह बिष्ट पुत्र अनूप सिंह बिष्ट निवासी 212 संजय कालोनी गुरूरोड दून की 28 फरवरी 2020 एचआईएचटी जौलीग्रान्ट अस्पताल एवं निरूद्ध विचारधीन/सिद्धदोष बंदी रणजीत पुत्र हुकुम सिंह नवासी ग्राम बरोटीवाला थाना विकासनगर दून की 10 जुलाई 2020 को कोरोनेशन अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी थी।

### 'एक्सिस ग्लोबल अल्फा इक्विटी फंड ऑफ फंड' लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। अवसर और विविधीकरण के तर्क के मुताबिक, यदि हमें सर्वोत्ताम दीर्घकालिक पोर्टफोलियो परिणाम पाना है, तो हमें किसी भी सार्थक, दीर्घकालिक निवेश विचार की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। और अब तक, भारतीय निवेशकों ने 97 प्रतिशत वैश्विक इक्विटी अवसरों को हाथ से जाने दिया है, क्योंकि उनके पोर्टफोलियो को बड़े पैमाने पर भारतीय इक्विटी बाजारों में आवंटित कर दिया गया है।

### रियलमी ने ट्रेंड सेटिंग कैमरा एवं फास्ट चार्जिंग के साथ 7 सीरीज स्मार्टफोन प्रस्तुत किए

**संवाददातां** देहरादून। दुनिया के सबसे तेजी से विकसित होते हुए स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने अपनी बहुप्रतीक्षित 7 सीरीज के स्मार्टफोन की श्रृंखला में रियलमी 7 और रियलमी 7 प्रो वैरिएंट प्रस्तुत किए। इसमें इस मूल्य वर्ग में सबसे आधुनिक कैमरा एवं सबसे तीव्र चार्जिंग टेक्नॉलॉजी है। रियलमी 7 और रियलमी 7 प्रो टीयूवी रीनलैंड स्मार्टफोन रिलायबिलिटी वैरिफिकेशन पर खरा उतरे हैं। इसमें आम उपयोग के परिदृश्यों में 23 मेजर एवं 72 माईनर टेस्ट होते हैं।

# राज्य में तत्काल लोकायुक्त की नियुक्ति करनी चाहिए

**आरोप**

■ कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेगीः धस्माना

■ साढे तीन साल पूरे हो चुके हैं किंतु लोकायुक्त विधानसभा के अंदर हो चुका गुम

**संवाददाता**

देहरादून। सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के विधायक द्वारा खुले आम अपनी ही सरकार पर आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे होने के आरोप ने कांग्रेस की बात पर मोहर लगाने का काम किया है इसलिए अब राज्य में जीरो टॉलरेंस का राग अलापने वाली सरकार बिना समय गंवाए राज्य में तत्काल लोकायुक्त की नियुक्ति करनी चाहिए। यह बात आज उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कही।

उन्होंने कहा कि 2017 में बीजेपी नें अपने चुनाव घोषणा पत्र में जनता से वायदा किया था कि अगर भाजपा सत्ता में आएगी तो सौ दिनों के भीतर लोकायुक्त लाएगी किन्तु आज साढे तीन साल पूरे हो चुके हैं किंतु लोकायुक्त विधानसभा के अंदर गुम हो गया है।

धस्माना ने कहा कि सरकार जो लगातार जीरो टॉलरेंस का राग अलापती रहती हैं उनको जब भी लोगों ने पूछा कि लोकायुक्त कब आएगा तो सरकार ने हमेशा कहा कि सरकार में भ्रष्टाचार ही नहीं है तो लोकायुक्त की क्या जरूरत है, लेकिन अब जब कि सत्ताधारी दल के विधायक ही अपनी सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे है तो मुख्यमंत्री को तत्काल लोकायुक्त की नियुक्ति करनी चाहिए अन्यथा कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेगी।

## मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र नैतिकता के आधार पर दे इस्तीफाः आप

देहरादून। बड़े–बड़े नारों और वादों के साथ देवभूमि उत्तराखंड में सत्तासीन हुई बीजेपी सरकार ने उत्तराखंड को लूट का अड्डा बना दिया है। 20 साल के इस युवा प्रदेश को भ्रष्टाचार की चाशनी में लपेटा जा रहा है और इस सब में सूबे के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत आँखें मूंदे बैठे हैं।

भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेन्स की बात कहने वाली बीजेपी और उनके मुख्यमंत्री पर उन्हीं की पार्टी के विधायक बार–बार बोल रहे हैं कि आपके विभाग में भ्रष्टाचार हुआ है और वो सुनने–समझने को तैयार नहीं हैं।

लोहाघाट के बीजेपी विधायक पूरन सिंह फर्त्याल मुख्यमंत्री के विभाग में भ्रष्टाचार के साथ साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पर ये भी आरोप लगा रहे हैं कि वे दोषियों को बचा रहे हैं यह कहना है आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र सिंह आनन्द का आज एक पत्रकार वार्ता को प्रदेश कार्यालय में संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा कि एक विधायक के अपने ही सरकार को भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे पर कटघरे में खड़ा करना इस बात की और इंगित करता है कि भ्रष्टाचार सीएम रावत के कार्यकाल में फलफूल रहा है। जिस मुख्यमंत्री पर उनके अपने विधायक भरोसा नहीं जता पा रहे।

जनता कैसे ऐसे मुख्यमंत्री पर विश्वास कर सकती। इसलिए आम आदमी पार्टी मांग करती है कि उत्तराखंड में भ्रष्टाचारियों के खेवनहार बने मुख्यमंत्री को तुरंत नैतिकता के आधार पर खुद ही इस्तीफा दे देना चाहिए।

## मातृ सदन के संस्थापक ने अपने अनशन को दिया विराम

देहरादून। मातृ सदन के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी शिवानंद द्वारा माँ गंगा के लिये गुरूवार से किये जा रहे अपने अनशन को विराम दे दिया गया। स्वामी जी की मांग थी रायवाला से भोगपुर तक खनन पर रोक लगाई जाए। 29 अगस्त को राष्ट्रीय संयोजक गंगा विचार मंच डॉ. भरत पाठक एवं स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड अम्बेसडर श्रीमती डॉ. नंदिता पाठक स्वामी जी से अनशन समाप्ति के अनुरोध के लिये मातृ सदन आये थे। स्वामी शिवानंद का संदेश जल शक्ति मंत्रलय को दिया गया। जल शक्ति मंत्रलय द्वारा इस विषय पर बैठक कर गंभीरता पूर्वक विचार–विमर्श किया गया था। जिसमें स्वामी जी की उचित मांग पर और उनके स्वास्थ्य को ध्यान रखते हुए कोई ठोस नतीजे पर पहुँचा जाए। केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुदेव के द्वारा उठायी गयी मांगों को गंभीरता से लिया। एनएमसीजी और गंगा विचार मंच के पदाधिकारियों के माध्यम से तीन चार दिन से चल रही वार्तालापों व अथक प्रयासों से एनएमसीजी के महानिदेशक राजीव रंजन मिश्र द्वारा भेजे गए पत्र पर स्वामी जी की मांगो के अनुरूप क्रियान्वयन करते हुए अनशन को समाप्त करने के विनम्र आग्रह को स्वामी जी ने स्वीकार किया।

# उत्तराखंड में पूरी तरह प्रतिबंध मुक्त हो पर्यटनः हरीश रावत

**सुझाव**

■ प्रोत्साहन योजना बनाकर इससे जुड़े लोगों को दे राहत

देहरादून। **संवाददाता**

पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव हरीश रावत ने उत्तराखंड के शहीदों का स्मरण करते हुए सरकार को पांच सुझाव दिए। उन्होंने पर्यटन को पूरी तरह प्रतिबंध मुक्त करने और शादी–विवाह, संस्कार व मंदिरों में पूजा–पाठ पर आंशिक प्रतिबंधों को शिथिल करने की पैरवी की है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में उन्होंने अपने दो सुझावों को विस्फोटक करार दिया है।

कोरोना संकट काल में उन्होंने राज्य की आर्थिकी को गति देने के लिए राह सुझाई। पांच में से अपने पहले सुझाव में पर्यटन को प्रतिबंध करने के साथ ही प्रोत्साहन योजना बनाकर इससे जुड़े लोगों को राहत देने को कहा है। साथ ही तीर्थाटन के क्षेत्र में कुंभ के आगे–पीछे तीर्थयात्रियों को उत्तराखंड आने के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया है।

उन्होंने कहा कि कुंभ यात्रियों की संख्या में 30 से 40 फीसद से ज्यादा गिरावट नहीं आनी चाहिए। राज्य में सर्किल रेट को घटाकर 50 फीसद पर लाने और नजूल भूमिधरों के नियमितीकरण का उन्होंने सुझाव दिया। साथ ही कहा कि प्रत्येक बिक्री केंद्र पर न्यूनतम 15 फीसद स्थानीय उत्पादों को बिक्री के लिए रखना अनिवार्य किया जाए।

पांचवें सुझाव में उन्होंने राज्य की अर्थव्यवस्था को उठाने के लिए साहसिक कदम लेने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम नहीं उठाने पर 2023 आते–आते अर्थव्यवस्था पूरी तरह सिकुड़ जाएगी। खुशहाली हमसे दूर चली जाएगी। राज्य में गैरसैंण सहित 11 नए जिलों को मंजूरी देकर उनका संचालन करने का सुझाव उन्होंने दिया।

### दिवंगत सांसद मनोरमा डोबरियाल शर्मा दी श्रंद्धाजंलि

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने मोबाईल के माध्यम से दिवंगत सांसद मनोरमा डोबरियाल शर्मा की जंयती का कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को सम्बोधित कर अपनी श्रंद्धाजंलि अर्पित करते हुए उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण लाठी.डन्ड़े व जेल जाते हुए हमने उनको कई बार देखा हैए राज्यसभा चुने जाने के बाद उन्होने अपने अल्पकाल में राज्य से जुड़े विभिन्न मुदद्ों को राज्यसभा में जोरदार ढ़ंग से उठाया है। महिलाओं को संगठित करने में व राज्य की समस्याओं के संघर्ष के प्रतिक के रुप में उनको जाना जाता है। उन्होने बहुत वेदना पूर्वक कहा कि आज बेशक वहे आज हमारे बीच में नही है पर उनके सपनों को पूरा करने का काम हम करेंगे।

## पेयजल एवं सीवर लाईन सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा

**संवाददाता** देहरादून। दून महानगर की पेयजल एवं सीवर लाईन सम्बन्धी समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्य महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड जल संस्थान से उनके कार्यालय मे मुलाकात कर समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने मुख्य महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड जल संस्थान को सौंपे ज्ञापन में कांग्रेस महानगर कांग्रेस प्रतिनिधिमण्डल ने कहा कि एक ओर विभाग द्वारा पेयजल, सीवर आदि के टैक्स लगातार बढ़ाये जाने के बावजूद भी आम जनता को सुविधायें उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। देहरादून महानगर के कई क्षेत्रों में बरसात में सीवर लाईनें चोक होने के कारण गन्दा पानी सड़कों पर फैल रहा है जिससे बीमारियों का खतरा बना हुआ है। इसी प्रकार महानगर के अन्य क्षेत्रों में भी सीवर लाईन का कमोवेश यही हाल है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।